कार्यालयः—जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास—चन्दौली।

पत्रांक C-1807 /जि0का0अधि0/बा0वि0परि0/विज्ञप्ति/2023—24 दिनांक 15.03.24

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या—19/2023/3975/50—1—2022—2/1 (22) 10 टी0सी0 दिनांक 21.03.2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद चन्दौली के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में ऑगनबाड़ी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेब साइट **http://upaganwadibharti.in** पर आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। रिक्त पदो का ग्राम पंचायतवार/वार्डवार/परियोजनावार विवरण निम्नवत् है:—

क्र0सं0	परियोजना का नाम	ग्रामीण/शहरी	ऑगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदो का विवरण
1	सकलडीहा	ग्रामीण	41
2	चहनियॉ	ग्रामीण	14
3	धानापुर	ग्रामीण	15
4	सदर	ग्रामीण	08
5	बरहनी	ग्रामीण	31
6	नियामताबाद	ग्रामीण	13
7	चकिया	ग्रामीण	54
8	शहाबगंज	ग्रामीण	01
9	नौगढ़	ग्रामीण	13
10	नगर	शहरी	06
योगः—			196

(नोटः—उपरोक्त तालिका में वर्णित रिक्त पदो की संख्या विभागीय स्थिति के आधार पर घट बढ/परिवर्तित हो सकती है।)

उपरोक्त पदो का ग्राम पंचायतवार/वार्डवार/परियोजनावार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गयी है, साथ ही विभागीय वेबसाईट http://upaganwadibharti.in पर अपलोड है।

विज्ञापित पदो की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देशः—

1— विज्ञापित पदो हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगी।

2— रिक्त पदो (ऑगनबाड़ी कार्यकत्री) हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडियट एवं उसके समकक्ष होगी

3— आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्रामसभा की स्थायी निवासी होना अनिवार्य है।

Scanned with OKEN Scanner

4– ग्रामसभा में विज्ञापित श्रेणी के पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में सम्बन्धित न्याय पंचायत की स्थाई निवासी होना अनिवार्य है।

5– आवेदिका की आयु निर्धारित कटआफ तिथि (01 जनवरी 2024) को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिये।

6– विज्ञापित पदो हेतु केवल विभागीय वेबसाईट http://upaganwadibharti.in आनलाईन आवेदन पत्र पर फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार होंगे। आफलाईन आवेदन पत्र मान्य/स्वीकार नही किये जायेंगे।

7– विज्ञापित पदो हेतु आनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 05.04.2024 मध्यरात्रि 12.00 बजे तक होगी।

8– उपरोक्त विज्ञापित पदो की अर्हता आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाईट पर http://upaganwadibharti.in पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास) कार्यालय जी0टी0 रोड, बिछियांकला, चन्दौली से कार्य दिवस में निर्धारित समायनुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

(जया त्रिपाठी)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
बाल विकास–चन्दौली।

पृष्ठांकन संख्या– / तददिनांक

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

1–निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0, लखनऊ।
2–जिलाधिकारी महोदय चन्दौली को सादर अवलोकनार्थ।
3–मुख्य विकास अधिकारी, चन्दौली।
4–समस्त उपजिलाधिकारी, चन्दौली।
5–समस्त तहसीलदार चन्दौली।
6–समस्त खण्ड विकास अधिकारी, चन्दौली।
7–समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी को इस निर्देश के साथ कि पूर्व निर्धारित स्थलों पर विज्ञप्ति नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराते हुए उसकी फोटो पत्रावली में रक्षित करना सुनिश्चित करें।
8–सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला./हिन्दुस्तान को इस आशय से प्रेषित की कृपया शासकीय दर पर उक्त विज्ञप्ति को प्रकाशित कराते हुए बिल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
बाल विकास–चन्दौली।

Scanned with OKEN Scanner